# मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय

*MADHYA PRADESH BHOJ (OPEN) UNIVERSITY*

(म0प्र0 विधानसभा अधिनियम 1991 के अंतर्गत स्थापित)

राजा भोज मार्ग चूना भटटी, कोलार रोड, भोपाल

दूरभाष – 0755–2492093, 2424660

**उत्तरपुस्तिका क्रय संबंधी ई–निविदा वर्ष 2025**

**क्रमांकः 26/मुवि/मप्रमोमुविवि/2025** **भोपाल, दिनांकः 10/7/2025**

मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा **उत्तरपुस्तिका क्रय संबंधी ई–निविदा वर्ष 2025** के लिए अधिकृत फर्मो से ऑनलाइन ई–निविदा https://mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदाकार जानकारी एवं विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in एवं http://mpbou.edu.in से प्राप्त कर सकते हैं। इसी प्रकार ई–निविदा में होने वाले समस्त संशोधनो आदि का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट्स पर ही किया जावेगा तथा पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। निविदा की प्रारंभ तिथि 15.07.2025 एवं अंतिम तिथि 14.08.2025 समय सायं 6:00 बजे है।

**कुलसचिव**

# म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय

## राजा भोज मार्ग (कोलार रोड), भोपाल

क्रमांक: 1262/मुवि/मप्रभोमुविवि/2025 भोपाल, दिनांक: 10/7/2025

## उत्तरपुस्तिका क्रय संबंधी ई–निविदा–वर्ष 2025

म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय की आगामी परीक्षाओं में उपयोग हेतु **उत्तर पुस्तिका के क्रय के लिये ई–निविदा वर्ष 2025** हेतु ऑन–लाईन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, शर्तें, तथा निविदा में भाग लेने हेतु वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर विजिट कर सकते हैं।

**उत्तरपुस्तिकाओं का अनुमानित मूल्य** :– रूपये 3,50,00,000/– (रूपये तीन करोड़ पचास लाख) है।

**निविदा की प्रतिभूति राशि (EMD) राशि निविदा के अनुमानित मूल्य का 3% (भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित– 2022) की कंडिका 14.1 में दिये गये प्रावधान अनुसार)** :–रूपये 10,50,000/– (रूपये दस लाख पचास हजार) है।

**निविदा प्रपत्र का मूल्य** :– रूपये 5,000/–(पाँच हजार रूपये) है।

निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं प्रतिभूति राशि को ऑन–लाईन ही जमा किया जाना है।

निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबसाईट https://mptenders.gov.in, https: // mpbou.edu.in पर प्रदर्शित की जाएगी। निविदा जमा एवं खोलने सम्बन्धी विवरण निम्नानुसार है:–

| क्र0 | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा फार्म डाउनलोड/क्रय करने की प्रारंभ तिथि | 15.07.2025 | 11:00 बजे से |
| 02 | प्री–बिड मीटिंग | 22.07.2025 | 03:00 बजे |
| 03 | निविदा फार्म ऑन–लाईन प्रस्तुत करने की प्रारंभ तिथि | 25.07.2025 | 11:30 बजे से |
| 04 | निविदा फार्म ऑन–लाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 14.08.2025 | 06:00 बजे तक |
| 05 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | 21.08.2025 | 03:00 बजे |
| 06 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | तिथि एवं समय तत्समय वेबसाइट पर घोषित की जावेगी। | |

निविदा सम्बन्धी सामान्य जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट https://mpbou.edu.in पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध है।

कुलसचिव

# म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय

## उत्तर पुस्तिका क्रय संबंधी ई–निविदा–वर्ष 2025

### भाग – 1

### निविदा आवेदन एवं प्रक्रिया संबंधी जानकारी

1.1 सभी निविदाकर्ता, निविदा प्रपत्र भरने/प्रस्तुत करने के पूर्व निविदा से संबंधित समस्त अर्हतायें, शर्तें एवं कार्य से संबंधित प्रक्रिया के बारे में दिये गये विवरणों को सावधानी पूर्वक पढ़ लेवें। निविदा के संबंध में किसी स्पष्टीकरण एवं शंका के समाधान हेतु कार्यालयीन समय में विश्वविद्यालय के कुलसचिव कार्यालय से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

1.2 **कार्य का विवरण** :–यह ई–निविदा म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित होने वाली आगामी परीक्षाओं के उपयोग में आने वाली उत्तर पुस्तिकाओं के क्रय हेतु आमंत्रित की जा रही है। निविदाकर्ता, निर्धारित समयसीमा में स्वयं के व्यय पर विश्वविद्यालय मुख्यालय में निर्देशित स्थान पर उत्तरपुस्तिकाएँ सौंपेंगे।

1.3 **निविदा प्रपत्र** https://mptenders.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा सम्बन्धी जानकारी म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://mpbou.edu.in पर अवलोकनार्थ उपलब्ध है।

1.4 उत्तरपुस्तिका क्रय की ई–निविदा को वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ऑन–लाईन पद्धति से प्रस्तुत किया जाना है। निविदा जारी होने के उपरांत निविदा में अथवा निविदा खोलने की तिथि में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में तत्संबंधी जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://mpbou.edu.in पर उपलब्ध करायी जावेगी। क्रय की जाने वाली उत्तरपुस्तिकाओं का अनुमानित मूल्य रू. 3,50,00,000/– (तीन करोड़ पचास लाख रुपये) है।

1.5 निविदा ऑन–लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नानुसार है:–

| क्र0 | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा फार्म डाउनलोड/ क्रय करने की प्रारंभ तिथि | 15.07.2025 | 11:00 बजे से |
| 02 | प्री–बिड मीटिंग | 22.07.2025 | 03:00 बजे |
| 03 | निविदा फार्म ऑन–लाईन प्रस्तुत करने की प्रारंभ तिथि | 25.07.2025 | 11:30 बजे से |
| 04 | निविदा फार्म ऑन–लाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 14.08.2025 | 06:00 बजे तक |
| 05 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | 21.08.2025 | 03:00 बजे |
| 06 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | तिथि एवं समय तत्समय वेबसाइट पर घोषित की जावेगी। | |

1.6 यदि अपरिहार्य कारणों से निर्धारित दिनांक को निविदायें नहीं खोली जा सकीं तो आगामी कार्यदिवस पर अपरान्ह 03:00 बजे खोली जाएंगी।

## <u>ई–निविदा का विवरण एवं प्रक्रिया निम्नानुसार है:–</u>

1.7 **<u>चरण–1</u>: ई**–निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 5,000/–(पाँच हजार रूपये) है तथा निविदा की

प्रतिभूति राशि (EMD) राशि 10,50,000/– (दस लाख पचास हजार रूपये मात्र) है। उक्त राशि को ऑन–लाइन जमा किया जाना है। जमा की गयी राशियों की दोनों रसीदों को ई–निविदा प्रपत्र के साथ आवश्यक रूप से अपलोड करना होगा।

उपरोक्तानुसार ई–निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं निविदा की प्रतिभूति राशि (EMD) प्राप्त होने पर ही फर्म को चरण–2 (तकनीकी निविदा) के लिए पात्र माना जायेगा।

1.8 **<u>चरण–2</u>:** चरण–1 में पात्र पायी जाने वाली फर्मों की ही तकनीकी निविदा खोली जायेगी ।
ई–निविदा के भाग–2 में दर्शित प्रपत्र/ दस्तावेज फर्म की मुहर एवं हस्ताक्षरित दस्तावेज स्केन कर अपलोड किये जाने हैं। ऑफ लाईन प्रपत्र/ दस्तावेज स्वीकार नहीं किये जाऐंगे ।

1.9 **<u>चरण–3</u>** : चरण 2 में पात्र पायी जाने वाली फर्मों की ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी।
वित्तीय निविदा को भी ऑन–लाइन ही प्रस्तुत किया जाना है।

# भाग – 2

# तकनीकी निविदा की अर्हतायें

2.1 **अनुभवः–** (i) फर्म को उत्तर पुस्तिका प्रदाय संबंधी कार्य का न्यूनतम 05 वर्षों का अनुभव होना चाहिए। अनुभव संबंधी कार्य आदेश की प्रतियां प्रमाणस्वरूप अपलोड की जायें।

(ii) विगत पांच वित्तीय वर्षों (2024–25, 2023–24, 2022–23, 2021–22, 2020–21) में से किन्ही तीन वित्तीय वर्षो में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/शैक्षणिक संस्थाओं में उत्तरपुस्तिका प्रदाय का कार्य किया हो।

(iii) विगत पांच वित्तीय वर्षों (2024–25, 2023–24, 2022–23, 2021–22, 2020–21) मे से किन्ही तीन वित्तीय वर्षो में औसत 15,00,000 (**पन्द्रह लाख**) उत्तरपुस्तिका प्रदाय का कार्य किया हो। अनुभव के कार्य आदेश एवं देयकों की प्रतियॉं साक्ष्य के रूप में अपलोड की जायें।

(iv) बिन्दु क. (i) (ii) एवं (iii) में उल्लेखित अनुभव संबंधी विवरण को **प्रपत्र–4** में दर्ज करें एवं अनुभव के प्रमाण भी अपलोड किए जायें।

2.2 **टर्न ओवरः–** विगत पांच वित्तीय वर्षो (2024–25, 2023–24, 2022–23, 2021–22, 2020–21) में से किन्हीं तीन वित्तीय वर्षो में राशि **रू. 2,00,00,000/– (दो करोड रूपये)** का औसत टर्न ओवर होना अनिवार्य है। फर्म के टर्न ओवर की प्रतिलिपि मान्यता प्राप्त चार्टर्ड एकाउंटेंट से प्रमाणित कराते हुए ऑन–लाईन पद्धति से प्रस्तुत करें। टर्न ओवर का विवरण **प्रपत्र 5** में प्रस्तुत करें।

2.3 **बैलेन्सशीटः–** कंडिका 2.2 में वांछित राशि **रू. 2,00,00,000/– (दो करोड़ रूपये)** वाले वित्तीय वर्षों की बैलेन्सशीट तथा अंकेक्षित वार्षिक लेखों की प्रति ऑन–लाईन पद्धति से प्रस्तुत करें।

2.4 **इनकम टैक्सः–** फर्म की विगत तीन वित्तीय वर्षों (2023–24, 2022–23, 2021–22) के इनकम टैक्स रिटर्न (ITR) की छाया प्रति संलग्न करें।

2.5 **ब्लैक लिस्टः**–निविदाकर्ता एजेन्सी के विरूद्ध कोई आपराधिक प्रकरण लंबित नहीं होना चाहिए साथ ही उसे किसी आपराधिक मामले में किसी सक्षम न्यायालय द्वारा दोषी नहीं ठहराया गया हो। ई–निविदा में भाग लेने वाली फर्म किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय/सार्वजनिक उपक्रम/सहकारी संघ से ब्लैक लिस्टेड नहीं हो एवं फर्म को दिवालिया घोषित नहीं किया गया हो। निविदाकर्ता फर्म को नियमानुसार रू0 1000/– (रू. एक हजार मात्र) के स्टॉम्प पेपर पर उक्त आशय का नोटरी द्वारा सत्यापित विधिवत शपथपत्र (**प्रपत्र–3** अनुसार) प्रस्तुत करना अनिवार्य है, इसके अभाव में निविदा मान्य नहीं की जावेगी। शपथ पत्र की प्रति निर्धारित प्रारूप में निविदा के साथ ऑन–लाईन पद्धति से प्रस्तुत करें।

2.6 निविदाकर्ता फर्म को निविदा के साथ समग्र विवरण **प्रपत्र 2** में दर्शित बिन्दुओं की जानकारी अंकित करना होगी एवं निम्नांकित दस्तावेजों की स्केन प्रतियां जिस पर फर्म की मुहर सहित हस्ताक्षर होने चाहिए, निविदा के साथ अपलोड करें :–

(क) **GST खाता क्रमांक** (पंजीयन दस्तावेज की प्रति संलग्न करें) एवं विगत तीन माह की G.S.T. रिटर्न जमा पर्ची।

(ख) **TAN/PAN** की छायाप्रति संलग्न करें।

(ग) **संस्था/फर्म/कम्पनी का इस निविदा संबंधी कार्य का वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र** की छाया प्रति संलग्न करें।

(घ) फर्म का बैंक खाता क्रमांक

बैंक का नाम एवं शाखा

आई.एफ.एस.सी. कोड :

(च) ISO 9001: 2008 या ISO 9001: 2015 का वैध प्रमाण पत्र संलग्न करें।

2.7 **प्रत्येक पृष्ठः**–निविदा प्रपत्र एवं संलग्न प्रपत्रों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकर्ता द्वारा फर्म की मोहर लगाकर हस्ताक्षर करें। **किसी भी प्रपत्र पर फर्म की मोहर एवं हस्ताक्षर न होने की दशा में उसे प्रस्तुत नहीं किया जाना माना जावेगा।** संलग्न दस्तावेजों की सूची तथा पृष्ठ संख्या अंकित करें।

2.8 **निर्धारित प्रपत्रः–ई**–निविदा केवल निर्धारित प्रपत्र तथा निविदा की शर्तों के अनुसार ही स्वीकार की जावेगी। निविदाकर्ता के द्वारा निर्धारित प्रपत्रों को अनिवार्यतः निविदा के साथ प्रस्तुत करना होगा। **निविदा प्रपत्र का मूल्य वापसी** योग्य नहीं है।

2.9 सेम्पलः– निविदाकर्ता को निविदा के साथ उत्तरपुस्तिका में प्रयुक्त होने वाले कागज के सेंपल, 80% ब्राईटनेस के साथ मेपलिथो प्रिंटिंग पेपर जो 70 जी.एस.एम. (± 3GSM Acceptable) एवं (22x28cm) साईज का हो, प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

**कंडिका 2.9 के अनुसार कागज का सेम्पल, डाक अथवा पत्र वाहक के माध्यम से कुलसचिव, म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, कोलार रोड, भोपाल–462016 के पते पर निविदा जमा करने की अंतिम तिथि तक कार्यालयीन समय में जमा कराना अनिवार्य होगा।**

2.10 उत्पादन क्षमता, मशीनरी/ उपकरण एवं कर्मियों की संख्या संबंधी प्रमाण पत्र संलग्न करें।

2.11 अन्य अभिलेख, जो इस निविदा से संबंधित हो, संलग्न करें।

## भाग – 3

## • निविदा की अन्य शर्तें

**3.1 निविदाएं निरस्तः–**

**3.11** निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात निविदाकर्ता से कोई अतिरिक्त दस्तावेज मान्य नहीं किये जायेंगे। ऑफ लाईन निविदाओं पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जावेगा।

**3.12** निविदा प्रतिभूति राशि एवं अन्य आवश्यक विवरण एवं जानकारियों के आभाव में प्राप्त निविदाएं निरस्त मानी जावेंगी।

**3.2 अनुबंधः–**

**3.21** सफल निविदाकर्ता को एक अनुबंध पत्र निष्पादित करना होगा, जो कि विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं फर्म के अधिकृत अधिकारी के मध्य होगा। अनुबंध के पश्चात सात दिवस में अनुबंधित फर्म द्वारा निष्पादन प्रतिभूति राशि (भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित– 2022) की कंडिका 1.5 अनुसार) **निविदा मूल्य का 3%** (राशि रू. **10,50,000/–**) का एफ.डी.आर., कुलसचिव मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय के नाम पर जमा करनी होगी, जो संपूर्ण अनुबंध अवधि के दौरान विश्वविद्यालय में जमा रहेगी। **निष्पादन प्रतिभूति राशि जमा किये जाने के उपरांत EMD की राशि अनुबंधकर्ता को वापस की जावेगी।**

**3.22** सफल निविदाकर्ता से प्रथमतः एक वर्ष के लिए अनुबंध किया जाएगा।

**3.23** विश्वविद्यालय द्वारा फर्म की कार्य क्षमता एवं गुणवत्ता के आधार पर अनुबंध की अवधि को दोनो पक्षों की सहमति से एक बार में एक वर्ष के लिए तथा अधिकतम दो बार तक बढ़ाया जा सकता है। फर्म से अनुबंध की अवधि में उत्तरपुस्तिका की मूल कीमत (दर) में वृद्धि को मान्य नहीं किया जावेगा।

**3.24** दोनों पक्षों में से यदि कोई भी पक्ष निविदा समाप्त करना चाहता है तो प्रथम पक्ष के द्वारा न्यूनतम 01 माह तथा द्वितीय पक्ष के द्वारा न्यूनतम 03 माह पूर्व सूचना देना आवश्यक है।

**3.25** निविदा की शर्तें, फर्म एवं विश्वविद्यालय के मध्य निष्पादित होने वाले अनुबंध का अनिवार्य भाग होगी। अनुबंध की शर्तों में किसी प्रकार की विसंगति की स्थिति में निविदा की शर्तों को ही आधार माना जावेगा।

**3.3 निविदाकर्ता फर्म की जिम्मेदारीः–**

**3.31** सफल निविदाकर्ता उत्तरपुस्तिका के प्रारूप (सैंपल) का अनुमोदन विश्वविद्यालय से सात दिवस में करवायेगा। यह अनुमोदन केवल छपाई, रूलिंग, बाईंडिंग, नंबरिंग आदि के संदर्भ में होगा, न कि कागज की गुणवत्ता एवं स्पेसिफिकेशन के संदर्भ में।

उत्तरपुस्तिकाएं, विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत प्रारूप एवं स्पेसिफिकेशन के अनुसार कार्यपूर्ण कर प्रदान करने पर ही स्वीकार की जावेंगी। आदेशित सामग्री स्पेसिफिकेशन के अनुरूप न होने या निर्धारित गुणवत्ता से कम होने पर निविदाकर्ता को उनके व्यय पर वापस की जाएगी।

**3.32 उत्तरपुस्तिका मुद्रण में प्रयुक्त होने वाले कागज एवं अन्य सामग्रियों की व्यवस्था निविदाकर्ता फर्म द्वारा की जाएगी।**

**3.33** उत्तरपुस्तिका में निर्धारित स्थान पर स्टेटिक बारकोड/क्यूआर कोड अंकित करना होगा।

**3.34** उत्तरपुस्तिका की सिलाई, धागे की सिलाई मशीन से करनी होगी। उत्तरपुस्तिका के सरल क्रमांक के अनुसार 250 उत्तरपुस्तिकाएं सुतली से बाँधकर ऐसे दो बंडलों (कुल 500 उत्तरपुस्तिकाओं) को एक गिन्नी क्लाथ में पैक की जावे। इस पैक पर बंडल में पैक की गई उत्तरपुस्तिकाओं के सरल क्रमांक की जानकारी आवश्यक रूप से अंकित की जावे। कार्यादेश अनुसार प्रदाय की जा रही समस्त उत्तरपुस्तिकाओं की पैकिंग की जानकारी सरल क्रमांक वार संक्षेपिका के रूप में चालान के साथ विश्वविद्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करनी होगी। सिंथेटिक टाट की पैकिंग किसी भी स्थिति में मान्य नहीं होगी।

**3.35** उत्तरपुस्तिका के मुद्रण के लिए एवं छपाई की गुणवत्ता बनाये रखने हेतु किसी भी स्थिति में प्लेट से 50,000 संख्या से अधिक मात्रा में छपाई न की जाये।

**3.4 विश्वविद्यालय की जिम्मेदारी:–**

**3.41** उत्तरपुस्तिका के मुख्य पृष्ठ (अग्र एवं पृष्ठ भाग) पर मुद्रित होने वाला मैटर मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। **स्टेटिक** बारकोड/क्यूआर कोड में दर्ज की जाने वाली जानकारी विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।

**3.42** कागज की गुणवत्ता एवं तकनीकी मूल्यांकन (पेपर टेस्टिंग) विश्वविद्यालय द्वारा करवाया जाएगा, जिसमें व्यय की गई राशि के समतुल्य राशि की कटौती, अनुबंधकर्ता फर्म के देयक से वसूल की जावेगी।

**3.5 वित्त संबंधी:–**

**3.51** दरें जीएसटी रहित (Without GST) होगी। परिवहन एवं अन्य समस्त व्यय दरों में सम्मिलित होगा।

**3.52** उत्तरपुस्तिका प्रदाय की दरें F.O.R. म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल होगी। निविदाकर्ता स्वयं के व्यय पर विश्वविद्यालय मुख्यालय में निर्देशित स्थान पर बिना किसी परिवहन, लोडिंग एवं अनलोडिंग इत्यादि व्यय के उत्तरपुस्तिका सौंपेंगे। परिवहन इत्यादि में क्षतिग्रस्त होने पर उत्तरपुस्तिकाएँ स्वीकार्य नहीं की जावेगी एवं उन उत्तरपुस्तिकाओं की लागत का भुगतान विश्वविद्यालय द्वारा नहीं किया जाएगा।

**3.53** अनुबंधकर्ता द्वारा प्रस्तुत किये गये देयकों के भुगतान की कार्यवाही प्राप्त रिपोर्ट (कंडिका 3.42) के आधार पर होगी। विश्वविद्यालय द्वारा टी0डी0एस0 एवं अन्य करों की कटौती नियमानुसार भुगतान के पूर्व एट सोर्स की जावेगी। किन्तु इसका तात्पर्य यह नहीं है कि जो टैक्स विश्वविद्यालय द्वारा एट सोर्स नहीं काटे गये है, उनके दायित्व से अनुबंधकर्ता मुक्त माना जावेगा।

**3.6 उत्तरपुस्तिका प्रदाय की समयावधि:–**

**3.61** कार्यादेश की तिथि से 45 दिवस की समयावधि में उत्तरपुस्तिकाएँ अनिवार्य रूप से प्रदान करनी होंगीं।

3.62 अपरिहार्य परिस्थितियों (Force Majeure) में अवधि बढ़ाए जाने के संबंध में अनुबंधकर्ता फर्म के द्वारा आवेदन किए जाने पर विश्वविद्यालय के सक्षम प्रशासन का निर्णय मान्य होगा।

3.63 उत्तरपुस्तिकाएं विलंब से प्रदान करने की स्थिति में निम्न कंडिका 3.73 अनुसार निविदाकर्ता फर्म पर शास्ति अधिरोपित की जावेगी।

3.7 **दण्ड अधिरोपणः–**

3.71 **कार्य सन्तोषजनक न होनाः**–कार्य सन्तोषजनक न होने या निविदाकर्ता द्वारा शर्तों का पालन नहीं करने की स्थिति में किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के निविदाकर्ता का कार्यादेश म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा निरस्त किया जा सकता है एवं निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) की राशि राजसात की जावेगी। इसमें जो भी आर्थिक हानि होगी उसकी वसूली निविदाकर्ता से की जावेगी। ऐसी परिस्थिति में निविदाकर्ता को देय भुगतान की राशि से वसूली करने का अधिकार कुलपति, म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय भोपाल के विवेकाधिकार पर सुरक्षित रहेगा।

3.72 **सामग्री में त्रुटिः**– निर्धारित 70 GSM (± 3GSM Acceptable) से कम पाए जाने पर कुल देयक राशि में से प्रति जीएसएम 1 प्रतिशत राशि की कटौती की जाएगी।

3.73 यदि उत्तरपुस्तिका स्पेसिफिकेशन में निर्धारित आकार से कम पायी जाती है तब प्रदाय की गई कॉपियों की नाप किये जाने उपरांत गणना करते हुये आनुपातिक रूप से कटौत्रा किये जाने के लिये विश्वविद्यालय स्वतंत्र होगा।

3.74 **विलम्बः**– उत्तरपुस्तिकाएं विलंब से प्रदान करने की स्थिति में निम्नानुसार निविदाकर्ता फर्म पर शास्ति अधिरोपित की जावेगीः–

(i) 01 से 07 दिवस तक विलम्ब पर देयक की 2% राशि का कटौत्रा किया जाएगा।

(ii) 08 से 15 दिवस तक के विलम्ब पर देयक की 4% राशि का कटौत्रा किया जाएगा।

(iii) 15 दिवस से अधिक विलंब होने पर देयक की 10% राशि का कटौत्रा किया जाएगा।

(IV) इससे अधिक विलम्ब होने पर आनुपातिक रूप से कटौत्रा करने का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

विलम्ब की गणना उपरोक्त कंडिका 3.6 के अनुसार की जावेगी एवं शास्ति/कटौत्रा की राशि की वसूली अनुबंधकर्ता फर्म के बिल से कटौती कर, की जावेगी। उपरोक्तानुसार उत्तरपुस्तिकाओं की आपूर्ति न कर पाने की स्थिति में विश्वविद्यालय फर्म की निष्पादन प्रतिभूति राशि (Performance Guarantee) राजसात करने एवं वैधानिक कार्यवाही हेतु स्वतंत्र होगा।

3.75 **निविदा निष्पादित करने में असफल होनाः**–यदि अनुबंधकर्ता को विश्वविद्यालय द्वारा उत्तरपुस्तिका प्रदाय का कार्यादेश जारी किया गया है एवं वह निविदा निष्पादित करने में असफल होता है अथवा निविदा वापस लेना चाहता है, तो ऐसी दशा में –

i. अनुबंधित फर्म के द्वारा जमा की गई निविदा की Performance Guarantee की राशि विश्वविद्यालय द्वारा राजसात कर ली जावेगी एवं फर्म को ब्लैक लिस्टेड करने की कार्यवाही की जाएँगी।

ii. विश्वविद्यालय के द्वारा L2 फर्म की सहमति होने पर L1 फर्म की दर पर निविदा एवं अनुबंध के अनुरूप ही कार्य किये जाने के लिए L2 फर्म को अनुबंध हेतु आमंत्रित किया जा सकेगा।

**3.76 निविदाकर्ता द्वारा दी गई जानकारी एवं प्रमाण पत्रों के गलत पाये जाने पर:–** निविदाकर्ता एजेन्सी द्वारा दी गई जानकारी एवं प्रमाण पत्रों के गलत पाये जाने पर निविदाकर्ता ऐजेन्सी के विरूद्ध मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जावेगी तथा उनके द्वारा जमा की गई निविदा की Performance Guarantee की राशि राजसात कर ली जावेगी।

**3.77 अन्य शर्तो का पालन न करना:**–उक्त बिन्दुओं के अतिरिक्त निविदा की शर्तों का पालन न करने पर कटौति का अधिकार मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल के पास सुरक्षित रहेगा।

**3.8 मान्य नहीं होने पर:–**

3.81 जो निविदा मान्य नहीं होगी, उनकी निविदा प्रतिभूति (EMD) की राशि नियमानुसार mptenders के माध्यम से स्वतः वापस होगी।

3.82 स्वीकृत/अस्वीकृत निविदा के साथ जमा की गई निविदा की प्रतिभूति राशि (EMD) पर विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

3.9 निविदा की शर्तों में किसी प्रकार की छूट या शिथिलता नहीं दी जावेगी।

3.10 निविदाकर्ता द्वारा निविदा प्रकिया प्रारंभ होने के पश्चात् अपनी निविदा वापसी का अनुरोध किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा एवं उनके द्वारा जमा की गई निविदा की प्रतिभूति राशि (EMD) विश्वविद्यालय द्वारा राजसात कर ली जावेगी ।

**3.11 भुगतान प्रकिया:–**

3.11.1 देयक "कुलसचिव, मध्य प्रदेश भोज विश्वविद्यालय, भोपाल" के पक्ष में तीन प्रतियों में तैयार किए जाएंगे और अग्रिम मुहर लगी रसीद के साथ प्रस्तुत किए जायेंगे। तैयार उत्तरपुस्तिका का भुगतान विनिर्दिष्ट देयक जमा करने पर ही किया जाएगा। देयक के साथ सामग्री जमा के चालान/पावती, सामग्री की सेंपल प्रति उपलब्ध कराना होगा। निविदा में प्रस्तुत दरें जीएसटी रहित (Without GST) होंगी।

3.11.2 निविदा अनुसार उत्तरपुस्तिका प्रदाय की दरें F.O.R. म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल अथवा विश्वविद्यालय द्वारा निर्दिष्ट होगी। निविदाकर्ता स्वयं के व्यय पर विश्वविद्यालय मुख्यालय में निर्देशित स्थान पर बिना किसी परिवहन व्यय के उत्तरपुस्तिका सौपेंगें। उत्तरपुस्तिका परिवहन इत्यादि में क्षतिग्रस्त होने पर मान्य नहीं की जायेगी एवं उन उत्तरपुस्तिकाओं का भुगतान नहीं किया जाएगा।

3.11.3 सफल निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किये गये देयकों के भुगतान पर नियमानुसार टी0डी0एस0 एवं अन्य करों की कटौती की जावेगी।

3.11.4 कार्यादेश पूर्ण होने अथवा अनुबंध समाप्त होने पर कोई बकाया न होने (No Dues) की स्थिति में ही विश्वविद्यालय द्वारा निविदा की निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) वापिस की जावेगी। निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) की राशि से किसी भी प्रकार का समायोजन नहीं किया जाएगा ।

3.11.5 फर्म द्वारा प्रदाय सामग्री की पेपर टेस्टिंग विश्वविद्यालय द्वारा कराई जाएगी। तदोपरांत भुगतान की कार्यवाही की जायेगी। पेपर टेस्टिंग पर होने वाले व्यय अनुबंधकर्ता फर्म द्वारा वहन किया जावेगा।

**3.12 कुलपति/म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय के विशेषाधिकार :–**

3.121 निविदाकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत की गई वित्तीय दरें समान होने पर विश्वविद्यालय निम्नलिखित पैरामीटर/ प्रक्रिया निर्धारित कर सफल निविदाकर्ता के निर्धारण हेतु निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र होगा एवं इस संबंध में किसी प्रकार का दावा एवं आपत्ति मान्य नहीं होगी।

(i) कंडिका 2.1 अनुसार।

(ii) कंडिका 2.2 अनुसार।

3.122 निविदा के संबंध में किसी भी प्रकार के विधिक निर्वचन स्पष्टीकरण अथवा व्याख्या (Interpretation) के लिए कुलपति म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल का विनिश्चय अंतिम होगा।

3.123 म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल के पास किसी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को पूर्ण या आंशिक रूप से किसी भी स्तर पर स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने के सभी अधिकार सुरक्षित है।

3.124 निविदाकर्ता तथा विश्वविद्यालय के मध्य निविदा/अनुबंध से संबंधित कोई विवाद की स्थिति उत्पन्न होने की दशा में म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल का निर्णय अंतिम होगा, जो उभयपक्ष को मान्य होगा।

3.125 निविदा विषयक विवाद में Sole Arbitrator कुलपति, म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल होंगे।

3.126 न्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय होगा।

# भाग –4

## उत्तर पुस्तिका का विवरण एवं कागज का स्पेसिफिकेशन

4.1 उत्तरपुस्तिका :–

4.11 प्रत्येक उत्तरपुस्तिका का साइज 22X28 cm एवं पोर्ट्रेट आकार की होनी चाहिए।

4.12 उत्तरपुस्तिका का कागज मेपलिथो प्रिंटिंग पेपर जिसमें 80% ब्राईटनेस हो जो उच्चकोटी के पेपर मिल का उत्पादन हो तथा उक्त कागज 70 जी.एस.एम. (± 3GSM Acceptable) का होना चाहिए।

4.13 Margin Line एवं उत्तरपुस्तिकाओं के अंदर के पृष्ठ की समस्त लाईन काले रंग की होना चाहिये प्रत्येक पृष्ठ पर पृष्ठ संख्या मुद्रित होनी चाहिये। उत्तरपुस्तिकाओं के बांये ओर ऊपर मुख्य पृष्ठ एवं प्रत्येक पृष्ठ पर विश्वविद्यालय का मौनो मुद्रित होगा।

4.14 Left Side Margin (धागे की सिलाई के साथ) 4 सेमी तथा Upper Side Margin 2.5 सेमी होना चाहिए। उत्तरपुस्तिका के सभी पृष्ठों के ऊपर मध्य भाग में MPBOU मुद्रित 10 X 1.5 सेमी में होना चाहिए। उत्तरपुस्तिका के अन्दर के पृष्ठों पर क्षैतिज लाईनों (Horizontal lines) में 0.90 सेमी का गैप होना चाहिए।

4.15 **उत्तरपुस्तिका की धागे से सिलाई मशीन द्वारा करनी होगी।**

4.16 **उत्तरपुस्तिकाओं में निर्धारित स्थान पर स्टेटिक बार/क्यूआर कोड अंकित होना चाहिए।**

4.17 उत्तरपुस्तिकाओं में पृष्ठ संख्या निम्नानुसार होना चाहिए :–

**(i) मुख्य उत्तरपुस्तिका 36 पृष्ठ (कवर पृष्ठ सहित)**

**(ii) सत्रीय/प्रायोगिक उत्तरपुस्तिका 20 पृष्ठ (कवर पृष्ठ सहित)**

4.18 एक ओर लिखे शब्द उसके पीछे के पृष्ठ पर नहीं दिखाई देना चाहिए।

4.2 **उत्तरपुस्तिका मुख्य पृष्ठ (अग्र एवं पृष्ठ भाग) :–**

4.21 मुख्य पृष्ठ (अग्र एवं पृष्ठ भाग) स्टेण्डर्ड फारमेट में ऑफसेट से मुद्रित होना चाहिए। मुद्रण के उपरान्त प्रिन्ट की स्याही नहीं मिटना चाहिए।

4.22 मुख्य पृष्ठ के अग्र भाग में स्टेटिक बार/क्यूआर कोड, उत्तरपुस्तिका क्रमांक, छात्र का अनुक्रमांक, परीक्षा का नाम, विषय एवं प्रश्नपत्र का नाम, केंद्र कमांक, परीक्षा दिनांक, परीक्षार्थी, वीक्षक, परीक्षक एवं केन्द्राध्यक्ष के हस्ताक्षर एवं मुहर आदि सम्मिलित होना चाहिए।

4.23 मुख्य पृष्ठ के पृष्ठ भाग में परीक्षार्थी/वीक्षक/परीक्षक के लिए निर्देश होने चाहिए, जिसका प्रारूप विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जावेगा।

**4.3 उत्तरपुस्तिका की अनुमानित संख्या (एक वर्ष में) एवं विवरणः–**

| **क्र0** | **उत्तरपुस्तिका विवरण** | **संख्या** |
|---|---|---|
| 1 | मुख्य उत्तरपुस्तिका 36 पृष्ठ<br>(कवर पृष्ठ सहित) size 22X28 cm 70 जीएसएम | लगभग 12 लाख (इस संख्या में कमी या वृद्धि हो सकती है।) |
| 2 | सत्रीय/प्रायोगिक उत्तरपुस्तिका 20 पृष्ठ<br>(कवर पृष्ठ सहित) size22X28 cm 70 जीएसएम | लगभग 15 लाख (इस संख्या में कमी या वृद्धि हो सकती है।) |

प्रपत्र–1

## चैक लिस्ट

सुनिश्चित कर लिया गया है कि ई–निविदा अपलोड करने से पूर्व –

**अ)** निविदा की कंडिका 2.6 अनुसार अभिलेखों के प्रत्येक पृष्ठ को फर्म की मुहर के साथ हस्ताक्षरित किया गया है। एक भी पृष्ठ बिना मुहर एवं हस्ताक्षर के नहीं है।

**ब)** अभिलेखों पर पृष्ठ क्रमांक दर्ज किए गए हैं एवं निम्नलिखित तालिका के कॉलम–3 में दर्शाया गया है

| क्र | विवरण | पृष्ठ संख्या (पृष्ठ संख्या अनिवार्यतः अंकित करें) |
|---|---|---|
| 01 | प्रपत्र –1 | 01 |
| 02 | प्रपत्र – 2 | 02 |
| 03 | प्रपत्र – 3 रू0 1000/– के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित | 03 |
| 04 | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 5000/–(पाँच हजार रुपये) जमा की रसीद एवं प्रतिभूति राशि रूपये 10,50,000/– (दस लाख पचास हजार रूपये) जमा की रसीद | 04 |
| 05 | **टर्नओवरः**–निविदा की कंडिका 2.2 अनुसार **प्रपत्र–5** | 05 |
| 06 | निविदा की कंडिका 2.6 अनुसार<br>(क) **GST खाता क्रमांक** एवं जमा पर्ची<br>(पंजीयन दस्तावेज की प्रति संलग्न करें) ।<br>(ख) **TAN/PAN** की छायाप्रति संलग्न करें।<br>(ग) **संस्था/फर्म/कम्पनी का इस कार्य का वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र** की छाया प्रति संलग्न करें।<br>(घ) फर्म का बैंक खाता क्रमांक<br>बैंक का नाम एवं शाखा | — |

| | | |
|---|---|---|
| | आई.एफ.एस.सी. कोड :<br>(च) ISO 9001: 2008 या ISO 9001: 2015 का वैध प्रमाणपत्र | |
| 07 | **इनकम टैक्सः**–निविदा की कंडिका 2.4 अनुसार | ...... |
| 08 | **बेलेन्सशीटः**–निविदा की कंडिका 2.3 अनुसार | ...... |
| 09 | **अनुभवः**–निविदा की कंडिका 2.1 अनुसार। **(प्रपत्र–4)** | ...... |
| 10 | प्रेस संबंधी तकनीकी योग्यता | ...... |
| 11 | ISO 9001: 2008 या ISO 9001: 2015 की वैध प्रमाण पत्र | ...... |
| 12 | अन्य अभिलेख जो इस निविदा से संबंधित हो | ...... |

दिनांक **फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि का नाम**

स्थान **पदनाम**

**हस्ताक्षर एवं फर्म की मुहर**

**प्रपत्र–2**

प्रति,

कुलसचिव,
म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल ।

विषयः– उत्तर पुस्तिका क्रय की ई– निविदा वर्ष 2025 बाबत।

संदर्भ:– आपके द्वारा जारी ई–निविदा क्रमांक ............................ दिनांक....................

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि हमारी संस्था की जानकारी निम्नानुसार है:–

| क्र. | विवरण | |
|---|---|---|
| 01 | निविदाकर्ता फर्म का नाम | |
| 02 | कार्यालयीन पता | |
| 03 | फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि का नाम | |
| 04 | पदनाम | |
| 05 | दूरभाष नम्बर | |
| 06 | मोबाईल नम्बर | |
| 07 | ई–मेल आई0डी0 | |
| 08 | टैन/पेन कार्ड नं0 | |
| 09 | जीएसटी नं0 | |
| 10 | फर्म का रजिस्ट्रेशन नं0 एवं दि0 | |
| 11 | फर्म की बैंक का नाम, आई.एफ. एस.सी कोड एवं खाता क्र0 | |

**मेरे/हमारी संस्था द्वारा निविदा में दिए गए सभी नियम/ शर्तों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कर लिया गया है एवं निविदा की शर्तों के अधीन म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय के लिए उत्तरपुस्तिका क्रय संबंधी ई–निविदा वर्ष–2025 का कार्य करने हेतु अपनी सहमति प्रदान करती है।**

**दिनांक**
**स्थान**

**फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि का नाम**
**पदनाम**
**हस्ताक्षर एवं फर्म की मुहर**

**प्रपत्र–3**

**म.प्र. भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा जारी उत्तरपुस्तिका क्रय संबंधी ई–निविदा वर्ष 2025 के संबंध में प्रस्तुत शपथ पत्र**

(रू. 1000/– एक हजार मात्र के गैर न्यायिक मुद्रांक/ नॉन ज्यूडीशियल स्टाम्प पर प्रस्तुत करें)

मैं.................................................पुत्र/पुत्री.................................................उम्र..........वर्ष

पता ..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता/करती हूं कि:–

(1) मैं निविदाकर्ता संस्था.................................... (फर्म/कम्पनी/समिति का नाम) का .................................... (एकल स्वामी/ साझेदार/ संचालक/ मैनेजर/अधिकृत प्रतिनिधि) हूं तथा यह संस्था वर्तमान में वैधानिक रूप से पंजीकृत है, जिसके पंजीकृत कार्यालय का पता ....................................है।

(2) मैंने निविदा प्रपत्र को पूर्ण रूप से पढ़ एवं समझ लिया है तथा उसमें वर्णित समस्त शर्तें मुझे तथा हमारी संस्था को अक्षरशः मान्य हैं।

(3) निविदा में वर्णित सभी कार्यों को सम्पादित करने के लिए मेरे/ हमारी संस्था के पास समस्त आवश्यक वैधानिक अनुज्ञप्तियां, पंजीकरण तथा स्वीकृतियां प्राप्त हैं।

(4) हमारी संस्था, किसी भी शास0/अर्ध शास0 संस्था/उपक्रम/सहकारी संघ से ब्लैक लिस्टेड नहीं है।

(5) हमारी फर्म पर किसी शासकीय संस्था/ उपक्रम तथा बैंक की देनदारी शेष नहीं है एवं हमारी फर्म को कभी भी दिवालिया घोषित नहीं किया गया है।

(6) हमारी फर्म को आयकर, वाणिज्य कर एवं अन्य करों के भुगतान के संबंध में डिफाल्टर घोषित नहीं किया गया। इस संबंध में हमारे विरूद्ध कभी भी वैधानिक कार्यवाही नहीं की गई और न ही किसी प्रकार की वैधानिक कार्यवाही वर्तमान में प्रचलन में है। हमारी संस्था के विरूद्ध उत्तर पुस्तिका प्रदाय सम्बन्धी, कोई आपराधिक प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी आपराधिक मामले में दोषी पाया गया है।

(7) मेरे/ हमारी संस्था द्वारा निविदा प्रपत्र में दी गई सभी जानकारियां पूर्णतः सत्य एवं प्रमाणिक है। किसी भी जानकारी के असत्य पाये जाने पर मेरे/ हमारे द्वारा निष्पादित निविदा निरस्त किया जाना मुझे/हमें मान्य होगा तथा हमारे द्वारा जमा की गई निविदा की प्रतिभूति राशि (EMD) म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय द्वारा राजसात किया जाना मुझे/हमारी संस्था को मान्य होगा।

स्थान : ..............................

दिनांकः ..............................

**शपथगृहीता**

नामः ....................................

पदनाम ....................................

पताः ....................................

हस्ताक्षर एवं फर्म की मुहर

<u>सत्यापन</u>

मैं उपरोक्त शपथग्रहिता सत्यापित करता हूँ कि मेरे द्वारा निष्पादित उक्त शपथ पत्र के बिन्दु (1) से (7) में वर्णित कथन मेरे निजी ज्ञान व विश्वास अनुसार पूर्णतः सत्य हैं।

**शपथग्रहिता**

**प्रपत्र–4**

## निविदाकर्ता फर्म का अनुभव

उत्तर पुस्तिका क्रय की निविदा के क्षेत्र में पिछले पांच वित्तीय वर्षों (2024–25, 2023–24, 2022–23, 2021–22, 2020–21) में विश्वविद्यालयों/शिक्षण संस्थाओं में उत्तरपुस्तिकाओं की आपूर्ति करने संबंधी अनुभव की जानकारी:–

निविदाकर्ता फर्म का नाम:......................................................................................................

पता:..................................................................................................................................

| स.क्र. | वर्ष | शैक्षणिक संस्थाओं के नाम जिनमें उत्तरपुस्तिकाओं की आपूर्ति का कार्य किया गया है। | आपूर्ति की गई उत्तर पुस्तिकाओं की संख्या | राशि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 2024–25 | | | |
| 02 | 2023–24 | | | |
| 03 | 2022–23 | | | |
| 04 | 2021–22 | | | |
| 05 | 2020–21 | | | |

विशेष :–उत्तरपुस्तिकाओं की आपूर्ति से संबंधित कार्यादेश एवं देयक साक्ष्य के रूप में प्रपत्र के साथ अपलोड किए गए है।

दिनांक

फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि का नाम

स्थान

पदनाम

हस्ताक्षर एवं फर्म की मुहर

**प्रपत्र–5**

**निविदाकर्ता फर्म के अंकेक्षित लेखों का सारांश**

प्रमाणित किया जाता है कि मेसर्स.............................................................................................

पता..............................................................................................के विगत पांच वर्षों के अंकेक्षित लेखों एवं आयकर विभाग को प्रस्तुत आयकर विवरणियों की जांच मेरे द्वारा की गई है। अंकेक्षित लेखों के अनुसार निविदाकार का समान प्रकृति के कार्य का आवर्त (टर्न ओवर) निम्नानुसार है:–

| क्रमांक | वर्ष | टर्न ओवर की राशि (शब्दों में) | राशि (अंको में) |
|---|---|---|---|
| 01 | 2024–25 | | |
| 02 | 2023–24 | | |
| 03 | 2022–23 | | |
| 04 | 2021–22 | | |
| 05 | 2020–21 | | |

**टीपः– शब्दों एवं अंकों में राशि का अंतर होने पर शब्दों में उल्लेखित राशि को प्रमाणिक माना जाएगा।**

उपर्युक्त आवर्त की गणनाएं मेरे द्वारा स्वयं जांची गई हैं, जिसे प्रशासन म0प्र0 भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल की निविदा शर्तों के अनुसार वांछित शर्त के रूप में प्रमाणित करता हूं।

स्थानः .............................. चार्टर्ड एकाउंटेंट का नामः ............

दिनांकः .............................. सीए फर्म की मुहर ............

**फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि का नाम**
**पदनाम**
**हस्ताक्षर एवं फर्म की मुहर**

## प्रपत्र – 6
## (वित्तीय निविदा)

| | |
|---|---|
| फर्म का नाम | |

**दर प्रति उत्तर पुस्तिका रूपये में (Rate Per Answer Book in Rs.)**

| स0 क0 | कार्य का विवरण | दर शब्दों में | दर अंको में |
|---|---|---|---|
| 1 | Main Answer Book 36 Pages (with cover page) size 22X28 cm, 70 GSM | | |
| 2 | Assignment/ Practical Answer Books 20 Pages (with cover page) size 22X28 cm, 70 GSM | | |

**नोट**

- दरें जीएसटी रहित (Without GST) होगी। उत्तरपुस्तिकाओं की सिलाई, परिवहन एवं अन्य समस्त व्यय दरों में सम्मिलित होगा।
- उत्तरपुस्तिका प्रदाय की दरें F.O.R. म.प्र. भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल होगी। निविदाकर्ता स्वयं के व्यय पर विश्वविद्यालय मुख्यालय में निर्देशित स्थान पर बिना किसी परिवहन, लोडिंग एवं अनलोडिंग इत्यादि व्यय के उत्तरपुस्तिका सौपेंगे। परिवहन इत्यादि में क्षतिग्रस्त होने पर उत्तरपुस्तिकाऐं स्वीकार्य नही की जावेगी एवं उन उत्तरपुस्तिकाओं की लागत का भुगतान विश्वविद्यालय द्वारा नहीं किया जाएगा।